


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 254 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शुक्रवार 28 जून 2024 | मूल्य 2 रुपया



**कर्मचारी मौजूद फिर भी चोरी**

मिड इंडिया अंडर ब्रिज से पानी निकालने के लिए नपा द्वारा लगाए गए जनरेटर की चार बैटरियां अज्ञात बदमाश चुरा ले गए। जबकि, यह 24 घंटे सातो दिन के लिए अलग-अलग शिफ्ट में चार कर्मचारी तैनात रहते है।

## 164 साल बाद बदलाव, तैयारी में जुटे पुलिस अधिकारी...

# चार सौ बीस बदमाशों के लिए अब 'श्रीमान 316' कहिए



**मंदसौर, 27 जून गुरु एक्सप्रेस।** यह चार सौ बीस है। इससे बचके रहिए, इसने मेरे साथ 420 की है। बदमाशी और धोखाधड़ी के लिए कुख्यात व्यक्ति के लिए लंबे समय से ये शब्द इस्तेमाल होता रहा है, लेकिन धोखाधड़ी के लिए बदनाम आइपीसी की धारा 420 आगामी एक जुलाई से बदल जाएगी। इसकी जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता यानी बीएनएस की धारा 316 लेगी। यानी धोखाधड़ी, बेइमानी यानी चीटिंग करने पर अब श्रीमान 316 जैसी उपाधि मिलेगी। एक जुलाई से न्याय व्यवस्था में 164 साल बाद किया गया बदलाव लागू हो जाएगा। इसे अमल में लाने के लिए पुलिस की तैयारियां जारी है। गुरुवार मंदसौर में थाना प्रभारी, थाने के हेड मोहर्रीर और सीसीटीएनएस के ऑपरेटर आरक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया।

देशभर में एक साथ एक जुलाई से पुलिस की आपराधिक कार्रवाई से लेकर न्याय व्यवस्था से जुड़े कानून में बदलाव होने जा रहा है। नई व्यवस्था में सिर्फ कानून की धाराएं ही नहीं बदली है। बल्कि सजा और जुर्माने के प्रविधान में काफी बदलाव किया गया है। आने वाले समय में लोगों की जुबान पर रटने वाली 302 हत्या अब 103(1) ठगी या धोखाधड़ी 420 अब 316, चोरी 379 अब 303 (2) व दुष्कर्म 376 आइपीसी अब 64 बीएनएस कहलाएंगी। आने वाले समय में भारतीय दंड संहिता (आइपीएसी) की जगह अब भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) क्रिमिनल प्रोसीजर कोड (सीआरपीसी) की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू होगा।

पुलिस कंट्रोल रूम पर प्रशिक्षण थाना प्रभारी, थाने के प्रधान मोहर्रीर और सीसीटीएनएस के ऑपरेटर आरक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर एएसपी गौतम सोलंकी और एसडीओपी मल्हारगढ़ नरेंद्र सोलंकी मौजूद थे। जिन्होंने कानून में समावेशित नवीन प्रावधान और पूर्व धाराओं में हुए परिवर्तनों के बारे में विस्तार से बताया। सीसीटीएनएस में होने वाली एफआईआर, गिरफ्तारी, तलाशी के संबंध में हुए तकनीकी संशोधन के विषय में प्रशिक्षण दिया गया।

### ये धाराएं भी बदलीं...

- ✻ हत्या: आइपीसी की 302 धारा की जगह धारा 101
- ✻ अवैध जमावड़ा: आइपीसी में धारा 144 की जगह धारा 187
- ✻ मानहानि: आइपीसी की धारा 499 की जगह धारा 354
- ✻ दुष्कर्म: आइपीसी की धारा 376 की जगह अब धारा 63
- ✻ राजद्रोह: आइपीसी की धारा 124-ए अब धारा 150

### फिल्मों से लेकर मुहावरों तक में 420

164 साल पुरानी आईपीसी की धारा 420 फिल्मों से लेकर आम कहावतों तक में प्रचलन में है। राजकपूर की श्री 420 और चाची 420 जैसी फिल्मो ने इसी नाम की वजह से खूब तहलका मचाई थीं। 420 को लेकर कई गाने और जुमले भी प्रचलन में हैं। अब इनका अस्तित्व खत्म हो जाएगा। श्री 420, चाची 420 जैसी फिल्में काफी प्रसिद्ध रही है।

### सीसीटीएनएस में 23 फंक्शनल माडिफिकेशन...

30 जून की आधी रात को जैसे ही 12 बजेंगे, वैसे ही आईपीसी के तहत अंग्रेजों द्वारा बनाए गए कानून खत्म हो जाएंगे। 1 जुलाई शुरू होते ही इनकी जगह बने तीन नए आपराधिक कानून लागू हो जाएंगे। इनमें भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) 2023 लागू हो जाएंगे। चूंकि नए कानूनों में जांच, ट्रायल और अदालती कार्यवाहियों में तकनीक के इस्तेमाल पर खासा जोर दिया गया है, इसलिए पुलिस ने आनलाइन एफआइआर के लिए एनसीआरबी ने मौजूदा क्राइम एंड क्रिमनल ट्रेकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम (सीसीटीएनएस) में 23 फंक्शनल माडिफिकेशन किए हैं। ताकि नए सिस्टम में भी आसानी से कंप्यूटर से एफआइआर दर्ज होने समेत सीसीटीएनएस संबंधित अन्य तमाम कार्य करने में कोई परेशानी नहीं आए।

### क्या कहते हैं लॉ एक्सपर्ट...

एक जुलाई से लागू हो रही भारतीय न्याय संहिता में अंग्रेजों के समय के कानूनों को खत्म करते हुए वर्तमान की जरूरतों के हिसाब से नई न्याय संहिता लागू हो रही है। इसका लाभ पक्षकारों को लाभ मिलेगा। कई धाराएं जो जीवन का हिस्सा बन गई थीं, अब इनमें बदलाव हो गया है।

**दीपक खरे, अभिभाषक**

एक जुलाई के बाद केस नई धाराओं में रजिस्टर्ड होंगे। वर्षों पुरानी धारा 420 जो ठगी और बेइमानी का पर्याय बन चुकी थी वह अब 316 हो जाएगी। उलाहना देने के लिए अब लोग श्रीमान 316 या ठग 316 कहेंगे।

**दिलीप आर्य, रिटायर्ड वरिष्ठ पुलिस अधिकारी**

## बाल अपचारियों को ही नहीं अब वयस्कों को भी सुनाई जाएगी सामुदायिक सेवा की सजा

अब तक बाल अपचारियों के छोटे अपराधों में सामुदायिक सेवा की सजा सुनाती थी। लेकिन, अब बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) में वयस्कों द्वारा किए जाने वाले छोटे अपराधों के लिए भी ऐसा प्रविधान किया गया है। बीएनएस में एक नई सजा सामुदायिक सेवा (कम्युनिटी सर्विस) को बकायदा दंड के रूप में शामिल किया गया है।

एक जुलाई से लागू होने जा रही नई सहिता बीएनएस में धारा 4(च) में '' सामुदायिक सेवा की सजा जोड़ी गई है। भूतपूर्व न्यायाधीश अनिल ठाकरे की माने तो इसके पीछे जैलों में कैदियों की संख्या में कमी लाना और छोटे अपराध मेंसुधार का मौका देना भी एक उद्देश्य है। इसलिए सामुदायिक सेवा की सजा को कानूनी दर्जा दिया गया है।

नई संहिता की धारा 23 में सामुदायिक सेवा की सजा को परिभाषित कर लिखा गया है कि न्यायालय किसी दोषी को सामुदायिक सेवा की सजा भुगतने का आदेश दे सकता है। जिससे लोगों को लाभ है। इस सजा में दोषी को कोई मेहनताना नहीं मिलेगा। सामुदायिक सेवा में किसी स्वयंसेवी संस्था के लिए काम करना, किसी सामुदायिक संस्था के साथ काम करना, साफ-सफाई करना, सार्वजनिक स्थान से कचरा उठाना या फिर कुछ ऐसा काम करना जिससे जनता की भलाई हो सके।

### पांच हजार से कम की चोरी पर दी जा सकेगी सामुदायिक सेवा की सजा...

✻ पांच हजार रुपये से कम कीमत की संपत्ति की चोरी करने पर अगर किसी को पहली बार दोषी ठहराया जाता है तो संपत्ति लौटाने पर उसे सुधरने का मौका देते हुए न्यायाधीश सामुदायिक सेवा की सजा दे सकता है। ✻ इसी तरह यदि कोई व्यक्ति नशे की हालत में सार्वजनिक स्थान पर हुड़दंग मचाता है तो ऐसा करने पर उसे 24 घंटे की जैल या एक हजार रुपये तक का जुर्माना या दोनों या फिर सामुदायिक सेवा की सजा मिल सकती है। ✻ ✻ धारा 202 में कोई भी सरकारी सेवक किसी तरह के कारोबार में शामिल नहीं हो सकता। अगर वो ऐसा करते हुए दोषी पाया जाता है तो उसे 1 साल की जैल या जुर्माना या दोनों की सजा या फिर कम्युनिटी सर्विस करने की सजा मिल सकती है। ✻ धारा 209: न्यायालय के समन पर अगर कोई आरोपी या व्यक्ति पेश नहीं होता है तो अदालत उसे तीन साल तक की जैल या जुर्माना या दोनों की सजा या कम्युनिटी सर्विस की सजा सुना सकती है। ✻ धारा 226 में अगर कोई व्यक्ति किसी सरकारी सेवक की काम में बाधा डालने के मकसद से आत्महत्या की कोशिश करता है तो एक साल तक की जैल या जुर्माना या दोनों या फिर कम्युनिटी सर्विस की सजा दी जा सकती है।

### कितने समय की होगी ये सजा...

भारतीय न्याय संहिता के मुताबिक, अगर किसी अपराध में जुर्माना या सामुदायिक सेवा की सजा का प्रावधान है तो जुर्माना न देने पर सामुदायिक सेवा की सजा दी जाएगी। अगर जुर्माने की रकम पांच हजार है तो दो महीने सेवा करनी होगी, 10 हजार का जुर्माना होने पर चार महीने सामुदायिक सेवा करना होगा। कुछ मामले ऐसे भी है जिनमें एक साल तक सामुदायिक सेवा करने की सजा भी हो सकती है।

# अभाविप कार्यकर्ताओ ने की सेंट थामस स्कूल में तोड़फोड़

## आरोप-भारत माता के जयकारे लगाने से कर रहे थे मना



**मंदसौर, 27 जून गुरु एक्सप्रेस।** गुरुवार को सेंट थॉमस स्कूल में जमकर हंगामा हुआ। हंगामा करने वाले थे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नेता और कार्यकर्ता। इनका कहना था कि भारत माता के नारे लगाने से स्कूल स्टॉफ ने मना किया। यहां नारेबाजी कर स्कूल में तोडफ़ोड़ की गई। इसके बाद बच्चों को सुरक्षा की दृष्टी से स्कूल प्रशासन ने ही कक्षा में बंद कर दिया। इधर अभाविप का कहना था कि भारत माता की जय के नारे लगाने से स्कूल प्रबंधन ने मना किया। अंदर आने से हमको रोका गया। इसलिए कांच फोड़े गए। अभाविप के नेताओं कार्यकर्ताओं ने सेंट थॉमस को हिंदू विरोधी स्कूल बताया।

आज अभाविप के कई नेता कार्यकर्ता सेंट थॉमस स्कूल पहुंचे। यहां स्कूल प्रबंधन ने उन्हें अंदर आने के लिए मना किया। इसके बाद यहां जमकर दोनों पक्षों में बहस हुई। अभाविप ने नारेबाजी शुरु कर दी। मामला बहस के बाद ज्यादा ही बढ़ गया। स्थिति यह हो गई कि अभाविप के नेताओं, कार्यकर्ताओं ने स्कूल में तोडफ़ोड़ कर दी। यहां कांच तोड़ दिया गया तो एक अलमारी को गिरा दिया गया। इससे स्कूल में भय का माहौल बन गया। प्रबंधन ने बच्चों की सुरक्षा के लिए कक्षाओं के ताले लगा दिए। जिससे बच्चों को कोई खतरा नहीं हो। इसके बाद पुलिस को भी सूचना दी गई। सीएसपी सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने अभाविप नेताओ से बात की। अभाविप जिला संयोजक विजय गर्ग का कहना था कि हमारा नौ जुलाई को छात्र सम्मेलन है। हम सम्मेलन के लिए बच्चों से मिलना चाहते हैं। लेकिन, हमारे कार्यकर्ताओ को इंतजार कराया जाता है। इसके बाद बच्चों को सम्मेलन में सम्मीलित होने के लिए अभिभावकों से बात करने के लिए कहा जाता है। इसके अलावा यहां एक भी कक्ष में मां सरस्वती या विवेकानंदजी की तस्वीर नहीं है। आज हमें भारत माता के नारे लगाने से रोका गया। हंगामे के बाद स्कूल में सरस्वतीजी और विवेकानंदजी की तस्वीर भी लगा दी गई।

### दुर्भाग्यपूर्ण घटना, दोषियों पर होनी चाहिए कठोर कार्यवाही



सेंट थॉमस स्कूल मंदसौर में हुई एक घटना की जानकारी मुझे कुछ देर पूर्व मिली, परिवारिक कारण से व्यस्तता के कारण देख नहीं पाया था। पर घटना का वीडियो देखा, उसे देखकर बहुत ही दु:ख हुआ और हमारे मंदसौर पुलिस के जिम्मेदार अधिकारियों की मूक दर्शक वाली भूमिका को देखकर भारी अफसोस हुआ है। एक पदाधिकारी जिस भाषा में बयान दे रहा है वह जघन्य अपराध की श्रेणी में आता है। कानून का विद्यार्थी होने के नाते में इस संपूर्ण घटना की घोर निन्दा करता हूं एवं मंदसौर के जिम्मेदार जिला प्रशासन से इस घटना पर वक्तव्य देने की मांग करता हूं कि आखिर किस तरह ...

शेष पेज 4 पर

# फिर रुलाएगा प्याज, भाव में बढ़ोतरी की आशंका



**मंदसौर, 27 जून गुरु एक्सप्रेस।** मौसम की मार ने किसानों के साथ-साथ आम लोगों की चिंता बढ़ा दी है। टमाटर के बाद अब प्याज के दाम बढ़ने के आसार हैं। बारिश का पानी लगने से बड़ी मात्रा में प्याज खराब हो रहा है। आगामी 10-15 दिनों में रसोई में प्याज रखना थोड़ा मुश्किल हो सकता है। गांवों में फसल पकते समय जहां प्याज में पानी लगा, वहां 12-15 प्रतिशत प्याज खराब हो गया है। इस डर ने भी किसानों को मंडी की तरफ मोड दिया है। पिछले माह की तुलना में इस महीने ज्यादा प्याज मंडी में आ चुका है।

### एक पखवाड़े में भाव बढ़ने के आसार...


कृषि उपज मंडी में प्याज के भाव 610 से 2606 रुपए प्रति क्विंटल तक पहुंच गए हैं। वहीं औसत भाव 1610 के करीब चल रहे हैं। मंडी व्यापारियों का मानना है कि यही स्थिति रही तो आगामी माह में प्याज 40-50 रुपए किलो तक भी पहुंच सकते हैं, क्योंकि खेरची बाजार में ही प्याज के भाव 35-40 रुपए किलो तक पहुंच गए हैं।

### अभी मिल रहा 5 से 30 रुपए किलो का भाव...

किसान कैलाश गुर्जर का कहना है कि प्याज खराब होने का मुख्य कारण तो बारिश ही है। जब फसल पकी और हार्वेस्टिंग कर उसे गोदामों में रखा, तब भी बारिश हो रही थी। जहां भी प्याज में पानी उतर गया, वह सूख ही नहीं पाया। इसके बाद सात-आठ दिन की तेज गर्मी से अब खराब होने की स्थिति में पहुंच गया है। मंडी में 5 से लेकर 25 रुपए किलो भाव मिल भी रहे हैं। मांग में तेजी रही तो भाव में और तेजी आ सकती है। किसान शंकर पाटीदार ने बताया कि तीन ट्राली प्याज खेत में ही फेंका है, क्योंकि बारिश के बाद गर्मी के कारण खराब होने लगा है।

# कहां है टीएनसी : तालाब का अस्तित्व खतरे में..!

## ग्रीन बेल्ट की आरक्षित जमीन में कॉलोनी कटना शुरु?



**मंदसौर, 27 जून गुरु एक्सप्रेस।** पिछले कुछ सालो से तेलिया तालाब अपने अस्तित्व के लिए लड़ रहा है। इधर भू माफिया शहर के 75 प्रश हिस्से को रिचार्ज करने वाले तालाब को खत्म करने पर तूले हुए है। लंबे समय से एनजीटी और फिर सुप्रीम कोर्ट और इसके बाद फिर एनजीटी कोर्ट के चक्कर लगा चुका तालाब फिर से नए सिरे से अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ेगा। महत्वपूर्ण बात यह है कि तेलिया तालाब को अपनी लड़ाई खुद लडना पड़ रही है। सभी जिम्मेदार स्वार्थवश इस मामले में आंखे मूंदकर बैठे हैं। तालाब क्षेत्र में एनजीटी कोर्ट के फैसले के आने के बाद इस तालाब का कब उद्धार होगा, पता नहीं। लेकिन क्षेत्र में धड़ाधड़ कॉलोनी कटना जरुर शुरु हो गई है।

### कागजों में कॉलोनी काट बेचना शुरु...

मास्टर प्लान 2011 के तहत जो जमीनें तालाब क्षेत्र में ग्रीन बेल्ट में आरक्षित की गई थी। उसमें अब कॉलोनियों की मंजूरी होना शुरु हो गई है। टॉउन एंड कंट्री प्लानींग का नया मास्टर प्लान अभी लागू ही नहीं हुआ है और पुराने मास्टर प्लान जो वर्तमान में लागू है। उसमें भी खेल करना शुरु कर दिया है। एनजीटी के फैसला आने के बाद मामला सुप्रीम कोर्ट भी जा सकता है। इसका कारण है कि अपील अवधि अभी खत्म नहीं हुई है। मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचे, उससे पहले शहर के कॉलोनाईजरों ने अपना उल्लू सीधा करने के लिए जोड़तोड़ कर अनुमतियां लेकर कागजों पर ही कॉलोनी काटकर लोगों को बेचना शुरु कर दिया है।

### जहां बना रहे कॉलोनी, वहां पांच से सात फीट पानी...


जिन जगहों पर नई कॉलोनियां विकसित हो रही है। वहां पर बरसात में पांच से सात फिट पानी भरा रहता था। सघन बारिश में तो यह इलाका अलग-अलग टापूओं में तब्दिल हो जाता है। वर्ष 2019 के वर्षाकाल में इसी इलाके की कॉलोनियों में पांच-पांच फीट पानी भर गया था। सूत्रों की माने तो मंदसौर के तेलिया तालाब से लगी यश नगर के पिछे के हिस्से में सर्वे नंबर 200, 123, 124 में टाईटेनिक स्टाईल में कॉलोनी काटी जा रही है। जो कब कैसे और कितनी डूबेगी, इंद्रदेव ही बता सकते हैं या अपीलीय न्यायालय के फैसले के बाद तय होगा कि इस क्षेत्र में पैसा लगाने वाले निवेशकों का कितना पैसा तालाब में डूबेगा। निवेशकों का इस डूबाडूबी के खेल में करोड़ों का नुकसान हो सकता है।

### एनजीटी के फैसले का कैसे होगा पालन..?

इन कॉलोनी में ड्रेनेज का पानी तालाब में मिलकर तालाब को गंदे पानी में तब्दिल कर देगा। जबकि, हाल ही में एनजीटी के फैसले में स्पष्ट निर्देश दिए गए है कि किसी भी सूरत में तेलिया तालाब में गंदा पानी नहीं जाए। इसके ठोस प्रयास करने के बजाय धड़ाधड तालाब को गंदा करने के लिए कॉलोनियों को मंजूरी दी जा रही है। इस मामले में कोई भी पक्ष एनजीटी कोर्ट में फिर जा सकता है। सोचने का विषय यह है कि यदि एनजीटी में यह मामला फिर उलझ गया तो पता नहीं दस -पद्रह साल ऐसे ही प्लाटधारी हाथ पर हाथ धरकर बैठे रहेंगे और नगरपालिका में निर्माण अनुमति के लिए टापे खाते रहेंगे। आश्चर्य की बात यह है कि तेलिया तालाब में 2011 के मास्टर प्लान में जो अभी तक लागू है, सर्वे नंबर 123, 124 में कॉलोनी की मंजूरी दे दी गई है। जिसमें नगरपालिका को जब तालाब हैंडओवर किया गया था। तब जो सूची जलसंसाधन विभाग ने दी गई थी उनमें 123, 124 सर्वे नंबर प्रथम पृष्ठ पर डूब क्षेत्र के हिस्से थे। एनजीटी के फैसले का अभी नोटिफीकेशन भी होना बाकी है। इस इलाके में जो खेल कॉलोनी काटने का शुरु हुआ है। उसमें एनजीटी कोर्ट के निर्देश तो तालाब को सुरक्षित करने के है, लेकिन उन निर्देशों का पालन सुनिश्चित किए बगैर कॉलोनियां खड़ी करने का काम शुरु हो गया है। जबकि नए मास्टर प्लान में तालाब की सीमाए निर्धारित होना शेष है। इस मामले में एनजीटी कोर्ट ने अपना फैसला भले ही दे दिया हो, लेकिन सुप्रीम कोर्ट में इस मैटर में अपील होने की उम्मीदों से इंकार नहीं किया जा सकता है।

# विपक्ष की उपस्थिति में एनडीए और मजबूत होता जा रहा...

**मंदसौर, 27 जून गुरु एक्सप्रेस।** डेढ़ सौ साल पुरानी कांग्रेस के संगठन में पदग्राही युवराज ने विपक्ष के नेता का पद मिलते ही कांग्रेस में आमूल चूल परिवर्तन के संकेत दे डाले हैं। ऐसा राष्ट्र के उन राजनीतिक समीक्षको का कहना है जिनको राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक जानकारों में स्थान मिलता है। देश में रहकर सतही तौर पर चल रही राजनीति को परखने समझने वालों ने तो स्पष्ट देखा कि एनडीए ने ठप्पे से सरकार बनाई, मनमर्जी का मंत्रिमंडल और अपना ही स्पीकर बनाकर अपनी क्षमता और कार्य प्रणाली को उजागर कर दिया है। साथ ही क्षेत्रीय दलों के सांसदों का एनडीए में बिना शर्त शामिल होना भी जारी है जो मोदी सरकार को पुख्ता तौर पर मजबूत कर रहे हैं। अब चाहे विपक्ष और साथी राजनीतिक दल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करें या आलोचना।



चन्द्रमोहन भगत

2024 के चुनाव के बाद राजनीतिक वातावरण में इतने अधिक बदलाव के आसार नजर आ रहे थे कि कांग्रेस सहित अन्य छोटे-मोटे राजनीतिक दलों के अपने आकार बढ़ने की संभावना प्रबल मानी थी। हुआ भी यही कांग्रेस, सपा, टीडीपी, जदयू जैसे दलों के सांसदों की संख्या में खासा इजाफा हो गया है। इतना कि विपक्ष का नेता भी सदन में होगा। जिनकी उपस्थिति में नरेंद्र मोदी को अभी तक सरकार चलाने की आदत नहीं थी, अब संख्या बल के कारण मजबूरी है। नतीजे के संख्या बल उजागर होने के बाद लगा था कि नरेंद्र मोदी पर अंकुश लगाया जा सकेगा, तो स्पीकर के चुनाव तक ऐसा वातावरण सदन की किसी भी कार्रवाई में नजर नहीं आया। मंत्रिमंडल के सदस्य, उनके विभाग भी मोदी ने अपने विवेक से बांटे स्पीकर भी अपनी पसंद का ही बनवाया है।

रही बात विपक्ष के नेता की तो यह पद विपक्षियों का अपना था किसी को भी चुने, इंडिया समूह के सबसे बड़े दल कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को चुना गया। राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय राजनीति पर नजर रखने वालों का मानना था कि नरेंद्र मोदी की पूर्व सरकार के खिलाफ वातावरण का सबसे अधिक लाभ कांग्रेस को मिलेगा। उनके सांसदों की संख्या तीन गुना तक बढ़ जाएगी। पर दो गुना से भी कम पर ठहर गई। सबसे बड़ा विपक्षी दल कांग्रेस होने के बाद भी 54 सांसदों से बढ़कर 99 तक ही पहुंच पाए हैं। जबकि इससे बेहतर प्रदर्शन का अनुपात सपा व अन्य दलों के खातों में जा रहा है। औसत अनुपात की बढ़त के मान से सपा के अखिलेश यादव नरेंद्र मोदी के सबसे बेहतर और प्रमुख जनआधार वाले विरोधी नेता कहला रहे हैं। जबकि राहुल गांधी मात्र सिंबालिक विरोधी।

ऐसा उन पारंगत पारखियों का मानना है, जिन्होंने चुनाव की घोषणा से लेकर सरकार बनने तक राहुल गांधी को ही इंडिया समूह का रणनीतिकार और शिल्पकार माना था। संसद में सरकार एनडीए की बन गई है और अब पारंगत पारखियों को नजर आ रहा होगा की असली रणनीतिकार और शिल्पकार तो नरेंद्र मोदी ही निकले। इंडिया समूह का विरोध झेला, अपनों का और अपने शिल्पकारों की आलोचना भी सुनी, पर सभी को नजर अंदाज कर तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बन सरकार चला रहे हैं नरेंद्र मोदी। इतने दूरदर्शी शिल्पकार हैं कि उनकी बढ़ती ताकत सरकार बनने के बाद भी थमी नहीं है। वाईएसआर रेड्डी अपने लोकसभा और राज्यसभा सांसदों के साथ एनडीए में समा गए हैं। ऐसी पहल दूसरे दल के नेता भी करें तो अचरज की बात ना होगी। पर, तब सभी राजनीतिक दल हतप्रभ होंगे जब एनडीए के सांसदों की संख्या 300 पार हो जाएगी..।

# सिविल सर्जन डॉ. डीके शर्मा आज दिल्ली में होंगे सम्मानित

**मंदसौर, 27 जून गुरु एक्सप्रेस।** स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में गुणवत्ता और उत्कृष्ठ कार्यों के लिए आज 28 जून को दिल्ली में भारत सरकार के स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित एक विशेष समारोह में मंदसौर के बड़े अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. डीके शर्मा सम्मानित होंगे।



जानकारी के मुताबिक केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आयुष्मान भारत गुणवत्ता स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मध्य प्रदेश के 7 सिविल सर्जनों समेत कुल 11 चिकित्सकों को सम्मानित किया जायेगा। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जगतप्रकाश नड्डा डॉ डीके शर्मा को सम्मानित करेंगे। बताया गया है कि एन क्यूएएस याने नेशनल क्वालिटी एन्शुरन्स स्टैण्डर्ड के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए यह पुरुस्कार डॉ. शर्मा को दिया जाने वाला हैं। बता दे कि कुछ दिनों पहले ही एनक्यूएएस की टीम जो भारत सरकार द्वारा गठित की जाती है। उस टीम ने मंदसौर पहुंचकर बड़े अस्पताल का मूल्यांकन विभिन्न मानदण्डो के आधार पर किया था। इन्ही निर्धारित मानदण्डो पर खरा उतरने पर 90 फीसदी अंक मंदसौर बड़े अस्पताल को मिले थे। उसी आधार पर यह चयन हुआ हैं। मंदसौर बड़े अस्पताल को मिली इस उपलब्धि पर डॉ शर्मा ने इसे पूरे अस्पताल स्टॉफ और प्रबंधन के सामूहिक प्रयासों का परिणाम बताया हैं।

## हर एक व्यक्ति को अपना ब्लड ग्रुप पता होना चाहिए-जैन

**नीमच, 27 जून गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने रैली को सम्बोधित करते हुए रक्त समूह परीक्षण बहुत जरूरी है। सभी को अपना ब्लड ग्रुप पता होना चाहिए। जिससे कि आपात स्थिति से तत्काल रक्त मिलने में अनावश्य क विलम्ब ना हो। उन्होने कहा कि रक्त समूह परीक्षण करवाने वाले की डायरेक्ट्री भी प्रकाशित की जावेगी और यह डायरेक्ट्री नगरीय निकायों व ग्राम पंचायतों में उपलब्ध रहेगी। जिससे कि आपात स्थिति में रक्तदान की व्यवस्था हो सके।

यह ब्लड ग्रुप जन जागरूकता रैली रक्त समूह परीक्षण करवाने का संदेश देते हुए जावद शहर के प्रमुख मार्गो से गुजरी। रैली के दौरान आमजनों को रक्त समूह परीक्षण शिविर में पहुच कर अपने ब्लड ग्रुप की नि:शुल्को जांच करवाने का आव्हान भी किया गया। रैली में समता विद्यापीठ के श्री अजित कांठेड, शिक्षकगण, स्कूली छात्र-छात्राएं, गणमान्य नागरिक अधिकारी, कर्मचारी एवं आमजन भी उपस्थित थे।

## वेतन भुगतान में नीमच जिला लगातार पांचवी बार प्रदेश में नंबर वन

**नीमच, 27 जून गुरु एक्सप्रेस।** आयुक्त कोष एवं लेखा श्री लोकेश कुमार जाटव एवं कलेक्टर श्री दिनेश जैन के मार्गदर्शन में जिला कोषालय नीमच द्वारा जिला कोषालय अधिकारी श्री बीएम सुरावत के विशेष प्रयासों से नीमच जिला अधिकारी कर्मचारी एवं शासकीय सेवकों के वेतन भुगतान में लगातार पांचवी बार प्रदेश में नंबर वन रहा है।

विभाग द्वारा जारी रैंकिंग के अनुसार नीमच जिला जून 2024 पेड इन जुलाई 2024 के वेतन भुगतान में प्रदेश में पहले नंबर पर रहा है। इसके पहले भी लगातार गत चार महीनो से नीमच जिला प्रदेश में वेतन भुगतान के मामले में अव्वल रहा है। इस तरह नीमच जिले को यह पांचवी बार लगातार यह उपलब्धि हासिल हुई है, इसके लिए जिला कोषालय अधिकारी श्री सुरावत ने अधिनस्थ स्टाफ एवं सभी आहरण संवितरण अधिकारियों द्वारा किए गए सहयोग के लिए धन्यवाद देते हुए, उनका आभार व्यक्त किया है।



अनादि काल से नगर की सबसे विशालतम शिवलिंग एवं नंदी जी की प्रतिमा यहां विराजमान है।



लेकीन हकीकत मे सड़क मार्ग तो ठीक पैदल मार्ग भी बंद है, प्रतिदिन इस रास्ते के राहगीरों के वाहन, जानवर, बच्चे आदि कीचड मे फंस जाते है,

## शिव मंदिर नांदिया वाली बावड़ी मार्ग कीचड़ से भरा

### शिव भक्तों ने गांधी सागर सड़क मार्ग तक पक्की सड़क बनाने की मांग की

**भानपुरा, 27 जून गुरु एक्सप्रेस।** नगर की इंद्रा कॉलोनी के पास स्थित सैंकडों वर्ष पुराने नांदिया वाली बावडी का शिव मंदिर श्रद्धालुओं की अपार श्रद्धा का केंद्र है। यहां बडी संख्या में भक्त गण माताएं बहनें सवेरे शाम दर्शन हेतु आते हैं। मंदिर का विशालकाय शिवलिंग एवं नंदी काफी बड़े आकार के हैं जो संभवत भानपुरा से कहीं-कहीं किलोमीटर दूर तक के मंदिरों में मिलना मुश्किल है। यहां साल भर भजन कीर्तन एवं अनेक धार्मिक आयोजन होते रहते हैं एवं महाशिवरात्रि पर मंदिर से भगवान भोलेनाथ की भव्य शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गो से होकर निकाली जाती है। नांदिया वाली बावडी मंदिर के शिव भक्तों ने शासन-प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि यदि उपरोक्त मंदिर जो गांधी सागर भानपुरा सडक मार्ग से मात्र 500 मीटर के लगभग दूर है वर्तमान में कच्चा मार्ग होने से यहां से गुजरना भारी कीचड के कारण मुश्किल हो गया है जिसे पक्की सडक बनाकर श्रद्धालुओं के लिए आसान बना दिया जाना समय की मांग है।

## गांधी सागर में 25 से जारी है श्रीमदभागवत कथा

**भानपुरा, 27 जून गुरु एक्सप्रेस।** गांधीसागर सेक्टर नंबर आठ के गांधी चौक मे विगत 25 जून से 1 जुलाई तक श्री मद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत् मंगलवार को नगर मे कलश यात्रा निकाली गई। बुधवार को प्रारम्भ कथा राधे स्वामी साध्वी सज्जन सिंह महराज के मुखारविंद से कहीं जा रही है, आपने कथा के दौरान कहा कि भाव मे भगवान होते है, संत के सानिध्य मे चतुर्मास करना सबसे बडी भक्ति होती है। चार महिने का चतुर्मास होता है जिसमे संतो की सेवा चाकरी करना चाहिए, भगवान बताते है चतुर्मास यानि जैसा कर्म करोगे तो वैसा ही फल मिलेगा, कर्म भक्ति वही करता है जो भगवान को प्रिय होता है। इंसान अपनी मोह माया को छोड कर धर्म की रक्षा करो, यह जीवन अनमोल है, यह बार-बार नही आता है। शरीर से मोह लगाना छोडो शरीर हाड मांस का है, यह मिट्टी का खिलौना है जो वापस माटी मे मिल जाएगा।आपने देखा होगा मंदीर,मस्जिद,जमीन,जायदाद का पट्टा हो सकता है तो क्या अपने शरीर का पट्टा हो सकता है नही ना। यह मानव जीवन चिड़िया रेन बसेरा है, गाय, भैंस का चमडा काम आ सकता, इंसान का शरीर क्या काम आएगा, जबकि गाय भैंस चारा भूसा खाती है सिर ढक नही सकती तो विचार करो तुम्हारा शरीर क्या काम आएगा एक दिन अग्नि मे जल जाएगा



' और जल कर राख हो जाएगा और इंसान तो नो मन तेल खाने के बाद भी अपना शरीर किसी काम का नही है तो क्यों मोह माया के पीछे भागते हो, धर्म की रक्षा ही हमारा जीवन संवारेगा। एकादशी का व्रत करते हैं तो उस दिन अन्न मे चांवल नही खाते हैं, और इस दिन हम चांवल खा भी लेते है तो वह कीड़ा खाने के समान है, इसी प्रकार अमावस्या के दिन पत्ते फूल तोडते है तो वह ब्राह्मण हत्या के बराबर माना गया है, अगर अज्ञानता वश हम हमारे घरों मे संध्या के समय झाडू लगाते है तो हमसे लक्ष्मी जी नाराज होती है। इसी प्रकार किसी रसोई को बनाते वक्त बीच मे पकवान चख लेते है तो हम रसोई खाने आए मेहमान को झुंठा खिला रहे है, ऐसी छोटी छोटी बाते ही हमे हमारे मानव जीवन मे ग्रहण करना चाहिए। भगवान शिव पार्वती के प्रसंग पर कहा कि माता पार्वती के नामकरण संस्कार का जब पुछा जाता है तो बताया जाता है कि इनके तो 108 नाम है माता पार्वती के साथ ही भोलेनाथ को पूजे जाएंगे भगवान शिव ने शेष नागों की माला ग्रहण की थी, इसलिए भगवान शिव के साथ नागों की पूजा भी की जाती है। भोलेनाथ को पाने के लिए माता पार्वती ने 108 बार अवतार लिया और कठोर तप जप किया भगवान शिव को पाने के लिए आंकडा धतुरे एवं बेलपत्र से शिव भगवान को प्रसन्न किया। कथा के दौरान शिव पार्वती का विवाह का स्वांग स्थानीय बाल कलाकारो ने किया। बारात मे भूत नृत्य करते हुए बराती बनकर आए तथा उपस्थित महिलाए एवं छोटी बच्चियां भी नृत्य करती नजर आई। इस अवसर पर सरपंच मनीष परिहार ने कथा वाचक एवं भागवत जी का पुष्पहारों से स्वागत किया।

## लोकतंत्र सेनानी सम्मेलन में शामिल हुआ मंदसौर से फांफरिया परिवार, मुख्यमंत्री ने किया स्वागत-सम्मान

**मंदसौर, 27 जून गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने 26 जून बुधवार को भोपाल में श्यामला हिल्स स्थित आवास पर लोकतंत्र सेनानी सम्मेलन में मंदसौर से लोकतंत्री सेनानियों को ससम्मान आमंत्रित किया था। इस कार्यक्रम हेतु मंदसौर के मीसाबंदी रहें लोकतंत्र सेनानी स्व मिश्रीलाल जी फांफरिया और स्व शांतिलाल जी फांफरिया परिवार को भी ससम्मान आमंत्रित किया गया था जिसमें मंदसौर से स्व शांतिलाल जी फांफरिया के पुत्र वरिष्ठपत्रकार बलवंत फांफरिया, स्व मिश्रीलाल जी फांफरिया के पौत्र रिषभ फांफरिया और स्व शांतिलाल जी फांफरिया के पौत्र विजयेन्द्र फांफरिया सम्मिलित हुए थे। इनके अलावा मंदसौर से अन्य मीसाबंदी रहे योद्धा एवं उनके परिवारजन भी सम्मेलन में सम्मिलित हुए थे। कार्यक्रम में प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव जी ने सभी मीसाबंदीयों एवं परिवारजनों का पुष्पवर्षा कर स्वागत सम्मान किया इस दौरान मुख्यमंत्री ने मंदसौर के फांफरिया परिवार जनों का का गुलाब बरसाकर स्वागत कर सम्मान किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने लोकतंत्र सेनानियों हेतु एवं उनके परिवारजनों हेतु विभिन्न सौगातें भी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम ऐसी व्यवस्था भी बना रहे कि मीसाबंदी परिवारो को व्यवस्या हेतु ऋण एवं स्थान उपलब्ध करवाया जायें।

**मुख्यमंत्री ने कहा आप सबका हमारे यहां सदैव स्वागत है**-मुख्यमंत्री श्री यादव ने सम्मेलन में कहा कि मीसाबंदीयों और उनके परिवारजनों का हमारें यहां सदैव स्वागत है आज वापस दिल्ली जाना है समय कम है मैं विधानसभा सत्र और उपचुनाव संपन्न होने के बाद आप से पुन: मिलूंगा आपकी जो कुछ भी समस्या हो वो मेरे यहां पहुंचा दे या फिर आपके संगठन के माध्यम से मुझें देंवे सभी उचित निराकरण किया जावेंगा।

## प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना हेतु ऑनलाइन आवेदन करें

**मंदसौर, 27 जून गुरु एक्सप्रेस।** उपसंचालक उद्यान मंदसौर ने बताया कि उद्यमियों / हितग्राहियों को आर्थिक सहायता, तकनीकि एवं व्यवसाय में सहायता प्रदान करनें तथा खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों के उन्नयन हेतु उद्यानिकी विभाग द्वारा जिलें में (PMFME) प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना संचालित है। योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये जिलें में लहसुन एवं अन्य प्रोसेसिंग इकाई निर्माण हेतु लक्ष्य निर्धारित किये गये है, जिसमें लागत का 35% या अधिकतम 10 लाख रूपयें अनुदान का वित्तीय प्रावधान है तथा AIF (एग्रीकल्चर इन्फ्रास्ट्रक्चर फण्ड) योजनान्तर्गत प्राईमरी प्रोसेसिंग इकाई स्थापित करनें पर 03 प्रतिशत ब्याज ऋण पर अनुदान शासन द्वारा दिये जाने का प्रावधान है। PMFME योजनान्तर्गत लहसुन प्रसंस्करण उत्पाद जैसे गार्लिक पिलिंग, गार्लिक पेस्ट, पावडर, फ्लेक्स, अचार, चटनी तथा अन्य प्रसंस्करण उत्पाद जैसे सभी प्रकार के मसालें, आटा चक्की, धनिया पावडर, आलु चिप्स, संतरा ज्यूस, हल्दी पावडर, मिर्च पावडर, आंवला अचार, मुरब्बा, अमरूद जैम, जैली तथा अन्य सभी प्रकार के प्रसंस्करण उत्पाद आईल मील, दाल मिल, डेरी उत्पादों से संबंधित इकाईयों की स्थापना हेतु आवेदन किये जा सकते है। AIF (एग्रीकल्चर इन्फ्रास्ट्रक्चर फण्ड) योजनान्तर्गत प्राईमरी प्रोसेसिंग इकाई निर्माण जैसे सफाई, छंटाई, ग्रेडिंग, मिलिंग, पीसना, भंडारण, सुखाना, पैकेजिंग, कोल्ड स्टोरेज, पैक हाउस इत्यादि पर 03 प्रतिशत व्याज ऋण पर अनुदान शासन द्वारा दिया जावेगा। योजना अंतर्गत व्यक्तिगत इकाई एवं समूह आधारित इकाईयो के निर्माण हेतु निम्नलिखित वेबसाईट https://pmfme.mofpi.gov.in Ed§ https://agriinfra.dac.gov.in/ पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।

योजनान्तर्गत पंजीयन संबंधी जानकारी हेतु उद्यमी / हितग्राही जिलें के विकासखण्डो में अधिकारियों से सम्पर्क कर सकते है। विकासखण्ड मन्दसौर श्री सुरेन्द्रसिंह धाकड मोबा.न. 9753545634, विकासखण्ड मल्हारगढ श्री ओमप्रकाश शर्मा मोबा.न. 8770200984, विकासखण्ड सीतामऊ श्री बनवारी वर्मा मोबा.न. 8817779538, विकासखण्डगरोठ श्री राजेश मईडा मोबा.न. 8827688643 एवं विकासखण्ड भानपुरा श्री अनुराग साराभाई मोबा. न. 8319624233 पर सम्पर्क कर सकते है।

## जल गुणवत्ता परीक्षण करने का दिया प्रशिक्षण



**मंदसौर, 27 जून गुरु एक्सप्रेस।** स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालक यंत्री श्री प्रदीप कुार गोगादे के निर्देशन में भानपुरा विकासखंड के सभी 8 सेक्टर की 200 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ क़ो फील्ड टेस्टिंग किट के माध्यम से जल गुणवत्ता परीक्षण करने का प्रशिक्षण विभाग के कर्मचारी जिला सलाहकार श्री मुकेश गुप्ता, रसायनज्ञ श्री भगवतीलाल भाटी, झचण सलाहकार श्री अंकित ठाकुर एवं श्री सार्थक जोशी द्वारा दिया गया। ग्रामीणों द्वारा उनके पीने में उपयोग ले रहे पानी की जाँच ग्राम मे ही की जा सके। कार्यशाला मे उपस्थित सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ क़ो वर्षाकाल मे पेयजल स्त्रोतो क़ो स्वच्छ रखने, स्त्रोतो का नियमित क्लोरिनेशन करने, पिने के पानी का समुचित्त भण्डारण रखने, दूषित पानी के पिने से होने वाली बीमारियों से बचने, जल प्रदाय योजनाओं मे जनसहभागिता सुनिश्चित करने, ग्राम मे समग्र स्वच्छता का वातावरण सुनिश्चित करने की समझाईश दी गई। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रभारी परियोजना अधिकारी श्रीमती नीता ओझा, पर्यवेक्षक श्रीमती राजलक्ष्मी हाडा व विकासखंड समन्वयक श्री जयसिंह लोधा उपस्थित रहे।

## नीमच में आज नि: शुल्क मेगा ब्लड ग्रुप जांच शिविर

**नीमच, 27 जून गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिनेश जैन के मार्गदर्शन में आज 28 जून 2024 को प्रात: 8 बजे से शा.बा.उ.मा.विद्यालय क्रमांक 2 सिविल हास्पिटल के पास के परिसर में 12 अलग-अलग काउंटर स्थाशपित कर शहरवासियों की ब्लड ग्रुप की जांच के लिए शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही, 'रावन रूंडी नीमच के आंगनवाडी केंद्र, फतैह चौक बघाना, नीमच के अग्रसेन स्कूल के सामने, नाका नं.04 के पास बघाना नीमच एवं रिटायर्ड कॉलोनी धनेरियाकला नीमच में नि:शुल्क ब्लड ग्रुप जांच के लिए शिविर आयोजित किये जा रहे है। शहरवासियों से इन शिविरों में उपस्थित होकर अपने ब्लड ग्रुप की नि:शुल्की जांच करवाने का आग्रह किया गया है।

**मनासा में चार स्थानों पर ब्ल ड ग्रुप जांच शिविर आज**-कलेक्टर श्री दिनेश जैन के मार्गदर्शन में आज 28 जून 2024 को प्रात: 8 बजे से मनासा शहर में चार स्थाटनों पर ब्लड ग्रुप जांच शिविर आयोजित किए जा रहे है। मनासा शहर में कारगिल चौराहा, मंदसौर नाका, रामपुरा नाका, गांधी चौक, बाबा रामदेव मंदिर पर प्रात: 8 बजे से रक्त समूह परीक्षण शिविर आयोजित किए जा रहे है। मनासा शहरवासी इन शिविरों में पहुंचकर अपना और अपने परिवारजनों तथा अपने इष्टमित्रों का रक्त समूह परीक्षण अनिवार्य रूप से करवाएं। सभी के रक्त समह की एक डायरेक्ट्री तैयार की जायगी यर डायरेक्ट्री आवश्यकता पडने पर रक्त के लेनदेन में सहयोग रहेगी।

## कलेक्टर ने सौंपे दो अभ्यर्थियों को अनुकम्पा नियुक्ति आदेश

**नीमच, 27 जून गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिनेश जैन व्दारा दो मृत कर्मचारियों के आश्रितों को जिला महिला एवं बाल विकास कार्यालय नीमच में सहायक ग्रेड-3 पर अनुकम्पा नियुक्ति के आदेश जारी किए गऐ है। कलेक्टोरेट नीमच में बुधवार को कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने भानपुरा मंदसौर निवासी श्री आदर्श पंचोली पिता स्व.श्री शम्भू प्रसाद पंचोली को एकीकृत बाल विकास परियोजना नीमच शहरी के कार्यालय में सहायक ग्रेड तीन के पद पर नियुक्ति का आदेश प्रदान किया साथ ही भोलाराम कम्पाउंड नीमच निवासी कु.अर्चना सैनी पिता स्व .श्री राधेश्याम सैनी को भी परियोजना अधिकारी कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना नीमच ग्रामीण में सहायक ग्रेड-3 के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति का आदेश प्रदान किया गया है।

## मध्यम व छोटे उद्योग हमारी आर्थिक उन्नति के प्रथम वाहक है-बैंक प्रबंधक

### सीए ब्रांच की अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर कार्यशाला सम्पन्न



**मंदसौर, 27 जून गुरु एक्सप्रेस।** मध्यम व छोटे उद्योग हमारी आर्थिक उन्नति की नींव है और इस नींव को मजबूत करके ही हम विकसित भारत की परिकल्पना कर सकते हैं। छोटे शहरों में स्थापित सूक्ष्म व मध्यम उद्योग बड़े उद्योगों के लिये कच्चा माल उपलब्ध कराते हैं, साथ ही छोटे शहरों के नागरिकों को रोजगार भी प्रदान करते हैं। भारतीय स्टेट बैंक इस प्रकार के उद्यमियों को सतत रूप से ऋण प्रदान कर उन्हें आर्थिक मजबूती करने में सहयोगी रहा है और भविष्य में भी हमारा यही प्रयास रहेगा कि छोटे उद्योगों को अधिक से अधिक बढ़ावा मिले और देश प्रगति के पथ पर नया मुकाम हासिल करे।

उक्त विचार भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री मोहित शुक्ला ने मन्दसौर सीए ब्रांच द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उद्योग विभाग के महाप्रबंधक श्री दिनेश चम्पेवार ने बताया कि केन्द्र व राज्य शासन द्वारा छोटे व मझोले उद्योगों के लिये अनेक प्रकार की सबसिडी योजनाएं लागू की गयी है और उद्योग विभा का यही प्रयास रहता है कि नये उद्योगपति इन योजनाओं का लाभ लेकर अपने आपको स्थापित करने में कामयाब हो। औद्योगिक प्रगति के माध्यम से ही हम विकसित भारत का सपना साकार कर सकते हैं।

मन्दसौर ब्रांच के अध्यक्ष सीए दिनेश जैन ने इस कार्यशाला के महत्व को प्रतिपादित करते हुए अपने उद्बोधन में ब्रांच द्वारा की जा रही गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रदान की। कार्यशाला को संबोधित करते हुए सीए नयन जैन ने उद्योगों को मिलने वाली जीएसटी की रियायतों के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि सरकार नये व छोटे उद्योगों के करारोपण में काफी उदारता दिखाती है और उन्हें अनेक प्रकार से कर रियायतें देने का प्रयास करती है।

कार्यशाला के वक्ता सीए राजेश जैन ने विभिन्न प्रकार के उद्योगों को मिलने वाली सब्सिडी के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि हमें प्रयास करना चाहिये कि हमारे क्लाइंट को हम विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास करें। अतिथियों का स्वागत सीए विरेन्द्र जैन, सीए राजेश मंड्वारिया, सीए विकास भंडारी, सीए अर्पित नागदा, सीए अंकित नागर, सीए अर्पित नागर, सीए सिद्धार्थ विजयवर्गीय आदि ने किया। कार्यक्रम का संचालन सीए जमीला लोखंडवाला ने किया। आभार प्रदर्शन सीए विकास भंडारी ने किया।



## ब्लड ग्रुप जांच के प्रति जनजागरूकता रैली सम्पन्न

**नीमच, 27 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिले में कलेक्टर श्री दिनेश जैन के मार्गदर्शन में आज 28 जून 2024 को नीमच के शा.बा.उ.मा.विद्यालय क्रमांक-2 सहित सभी नगरीय निकायों एवं सभी पंचायतों में ब्लड ग्रुप जांच शिविर आयोजित किए जा रहे है। ब्लड ग्रुप जांच के प्रति जनजागरूकता के लिए नीमच शहर में गुरूवार को जनजागरूकता रैली आयोजित की गई। एसडीएम डॉ.ममता खेडे एवं डिप्टी कलेक्टर सुश्री किरण आंजना की उपस्थिति में आयोजित इस रैली में कृति साहित्यि संस्था, इंजीनीयर्स ऐशोसिएशन, संकल्प पर्यावरण मित्र संस्था सहित अन्य स्वतयं सेवी संस्थांओं के पदाधिकारियों और अधिकारी, कर्मचारियों ने रैली में भाग लेकर, ब्लड ग्रुप जांच करवाने का संदेश दिया। यह रैली फोर जीरो से प्रारंभ होकर, पुस्तक बाजार, घंटाघर, कमल चौक होते हुए पुन: फोर जीरो पर आकर रैली का समापन हुआ।

### विधायक श्री जैन के पत्र पर कलेक्टर कार्यालय ने...

## सहस्त्र शिवलिंग मंदिर निर्माण की जांच हेतु लोक निर्माण विभाग को दिये निर्देश

**मंदसौर, 27 जून गुरु एक्सप्रेस।** निर्माण कार्यों में गुणवत्ता हेतु संवेदनशील विधायक विपिन जैन द्वारा कलेक्टर मंदसौर को लिखे पत्र के जवाब में श्री सहस्त्र शिवलिंग मंदिर निर्माण करने वाले ठेकेदार मुकेश सिंघई के कार्यो की जांच एवं नियमानुसार कार्यवाही प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिये लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिये है।

मीडिया प्रभारी राजनारायढ लाड़ ने बताया कि विधायक प्रतिनिधि कमलेश जैन ने श्री सहस्त्र शिवलिंग का गुणवत्ताहिन निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदार मुकेष सिंघई पर आपराधिक मुकदमा दर्ज करने हेतु विधायक विपिन जैन से मांग की थी




जिस पर विधायक श्री जैन ने संज्ञान लेते हुए कलेक्टर को पत्र लिखा गया। जिस पर कलेक्टर कार्यालय ने कार्यवाही करने हेतु उक्त निर्देश दिये। इस बाबत् प्रभारी अधिकारी मंत्रीगण शाखा जिला मंदसौर ने पत्र जारी किया है।

### आ गया आषाढ़

पैजनिया के कारण
पिया गए परदेश।
लौटेंगे वर्षा ऋतु
छोड़ गए संदेश।
बादल देख बदले
बिरहणियों ने वेश।
बाट निहारे नववधू
श्रृंगारित कर केश।
जेठ की तपन लाई
धाराधर की बाढ़।
किलकारी करें उमंग
आ गया आषाढ़।

**नंदकिशोर राठौर, मंदसौर**





## जावद में ब्लड ग्रुप जांच के लिए वृहद जनजागरूकता रैली सम्पन्न

**नीमच, 27 जून गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिनेश जैन के मार्गदर्शन में नीमच जिले में आज 28 जून शुक्रवार को वृहद स्तर पर सभी ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों में प्रात: 8 बजे से नि:शुल्क रक्त समूह परीक्षण शिविर आयोजित किए जा रहे है। इन शिविर में एक लाख से अधिक जिलेवासियों की ब्लड ग्रुप की जांच की जाकर, उन्हें ब्लड ग्रुप कार्ड प्रदान किए जावेंगे। ब्लड ग्रुप जांच अभियान के प्रति जनजागरूकता के लिए गुरूवार को जावद में समता विद्यापीठ विद्यालय के सहयोग से वृहद जन जागरूकता रैली आयोजित की गई। कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने एसडीएम श्री राजेश शाह व अन्य अधिकारी कर्मचारी स्वयं सेवी संस्थाओं के पदाधिकारी और समाजसेवी संगठनों के पदाधिकारियों, स्कूली छात्र-छात्राओं और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## भव्य जगन्नाथ रथयात्रा 7 जुलाई को नीमच में

**नीमच, 27 जून गुरु एक्सप्रेस।** जगन्नाथ के भात को जगत पसारे हाथ....। आप ओडीसा के जगन्नाथपुरी नहीं जा सकते हैं तो नीमच आएं। 7 जुलाई रविवार को शहर के तिलक मार्ग स्थित श्रीराम मंदिर से रथ पर सवार होकर जगत के पालनहार दीनदयाल भगवान जगन्नाथ स्वामी अपने बडे भाई बलदाउ और बहन सुभद्रा के साथ नगर भ्रमण पर निकलेंगे।



उक्त जानकारी देते हुए श्री जगन्नाथजी रथयात्रा समिति के समिति संयोजक राजेंद्र गर्ग पप्पी सर, संरक्षक शिवनारायण गर्ग, ओपी मंत्री, सुरेशचंद्र अजमेरा, संतोष चौपड़ा, ओमप्रकाश बंसल स्वतंत्र, मनोहर अर्जनानी, कन्हैयालाल शर्मा, प्रकाशचंद्र गर्ग जेवी, राजेष जायसवाल पराग, मुरली मंडोवरा, शैलेश जोशी, नवीन गद्वानी, गणेश खंडेलवाल एवं अर्जुन जायसवाल ने संयुक्त रूप से बताया कि संतों की अगुवाई में 7 जुलाई 2024 रविवार को सायं 5 बजे रथयात्रा प्रारंभ होगी जो जाजू बिल्डिंग, तिलक मार्ग, गोपाल मंदिर, श्रीराम चौक (घण्टाघर) होती हुई अग्रवाल समाज के नृसिंह मंदिर पर मौसी के घर में कुछ देर जलपान कर बारादरी चौराहा, फव्वारा चौक, सब्जी मंडी चौराहा, कमल चौक, भारत माता चौक, पुस्तक बाजार होते हुए अग्रसेन वाटिका पर आरती के बाद विसर्जित होगी। आरती के बाद प्रसाद वितरण होगा। संयोजक राजेंद्र गर्ग पप्पी सर ने बताया कि मायापुर का सुंदरबनी के कारीगरों द्वारा पोशाक बनाने के बाद पहली बार सतरंगी सिर्फ वृंदावन से मंगवाया गया है। नए रथ पर सवार होकर भगवान जगन्नाथ जी दिव्य दर्शन के लिए निकलेंगे। रथ यात्रा में आकर्षण का केंद्र नए रथ पर आरूढ भगवान श्रीकृष्ण, बलदेवजी एवं सुभद्राजी की आकर्षक प्रतिमा, बैंड-बाजे, ढोल के साथ रथ को श्रद्धालु भक्तों द्वारा रस्सी से खींचा जावेगा। रथ पर फूलों का श्रृंगार, विद्युतचलित झांकियां, कच्ची घोड़ी, उज्जैन के ताशा शिवपुराण, डीकेन की भजन संध्या, राधा कृष्ण, नरसिंह अवतार की झांकियां आदि भी प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहेगी।

रथयात्रा को अभूतपूर्व सफल बनाने के लिए निरंतर बैठकें कर तैयारियों की समीक्षा की जा रही है तथा पदाधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियां सौंपी जा रही हैं। यात्रा का भ्रमण रूट पूर्व की भांति ही रहेगा। यात्रा को भव्यता प्रदान करने के लिए नगर के सभी सामाजिक संगठनों का सहयोग लिया जायेगा। यात्रा में सनातन सर्वधर्म समाज की सहभागिता रहेगी। ज्ञातव्य है कि 12 वर्षों से निरंतर रथयात्रा का आयोजन हो रहा है, जिसमें 19 समाजों की सहभागिता है तथा 400 सक्रिय सदस्य सहयोग प्रदान करते हैं 400 अन्य सदस्य भी अप्रत्यक्ष रूप से सहयोगी बनते हैं। रथ यात्रा में अग्रवाल, माहेश्वरी, खण्डेलवाल, सकल ब्राह्मण, पोरवाल, पूज्य सिंधी पंचायत, पंजाबी, पाटीदार, जायसवाल, सिख, फुलमाली सैनी, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, पाटीदार, साहू तेली, सेन, आर्य, यादव, राजपूत, जाटव, घाणावार तेली, माली, चौरसिया, धाकड़, गुर्जर, आंजना, प्रजापति, रजक धोबी समाज सहित षहर के समस्त धार्मिक अनुषांगिक संगठन एवं समस्त सनातन धर्म सर्वजन सर्व समाज जन के सहयोग से निकाली जाएगी। सभी भक्तों से सामूहिक आह्वान किया गया कि धार्मिक यात्रा में सहभागी बने और सामाजिक एकता प्रेम सद्भाव प्रदर्शित कर अभूतपूर्व सफल बनाएं।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 386 | 1210 | 1410 |
| उडद | 18 | 6000 | 6951 |
| सोयाबीन | 5000 | 3660 | 4850 |
| गैहु | 2000 | 1608 | 1761 |
| चना | 291 | 3850 | 4510 |
| मसुर | 340 | 4260 | 5221 |
| धनिया | 950 | 3700 | 5300 |
| लहसुन | 19000 | 2000 | 8601 |
| मैथी | 300 | 4000 | 5239 |
| अलसी | 900 | 4800 | 5464 |
| सरसो | 4500 | 4700 | 5585 |
| तारामीरा | 20 | 4150 | 4321 |
| इसबगोल | 16 | 8700 | 11450 |
| प्याज | 900 | 1210 | 3200 |
| कलोंजी | 000 | 0000 | 0000 |
| डॉलर | 05 | 3801 | 6200 |
| तिल्ली | 03 | 7500 | 7800 |
| मटरसुखी | 15 | 2100 | 3800 |
| असालीया | 70 | 3681 | 4389 |

